VSA
A Real English Medium School

VIDYA SHREE ACADEMY
SR. SEC. SCHOOL
An English Medium Co.Ed. School | Science & Commerce

Little Steps'
Pre Primary wing of VSA

W : www.vsajaipur.com | E : vsajaipur@gmail.com M. : +91 9460356652, 8058999828
Add. : 84, Krishna Vihar, Behind Narayan Niwas, Gopalpura Bypass, Jaipur - 302015
/vsajaipur | /vsajaipur | /vidyashreeacademy | /vsa_jaipur

Class 9 Subject: hindi. Topic: पाठ ९ क्रिया

प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं के बारे में बताइए कि वे अकर्मक हैं अथवा सकर्मक–

(क) रात को सभी सो गए।
(ख) सेठजी ने भिखारी को कुर्ता दिया।
(ग) बच्चा पुस्तक पढ़ता है।
(घ) सवेरे से ही चर्चा हो रही थी।
(ङ) वह ठोकर खाकर गिर पड़ा।
(च) जाओ, उसको पाँच रुपये दे दो।
(छ) बीमार आदमी फल खा रहा है।
(ज) अध्यापक ने छात्र को गणित पढ़ाया।
(झ) आदमी कहाँ चला गया?
(ञ) उसने उसको धोखा दिया।

उत्तर–(क) अकर्मक (ख) सकर्मक (ग) सकर्मक (घ) अकर्मक
(ङ) अकर्मक (च) सकर्मक (छ) सकर्मक (ज) सकर्मक
(झ) अकर्मक (ञ) सकर्मक।

प्रश्न 2. निम्नलिखित वाक्यों में मुख्य क्रिया छाँटकर लिखिए–

(क) कहानी समाप्त हो चुकी है।
(ख) उसने किताब लिखी है।
(ग) तुम यह खाना खा सकते हो।
(घ) पुस्तक खरीद ली गई।
(ङ) उसके दोस्त बातें करते हैं।
(च) मकान बेच दिया गया।
(छ) तुम जा सकते हो।
(ज) रागनी ने उसे पीटा है।
(झ) मोहन दूध पी सकता है।
(ञ) मेरे दोस्त मुझे समझ सकते हैं।

उत्तर–(क) हो (ख) लिखी (ग) खा (घ) खरीद (ङ) करते (च) बेच (छ) जाना। (ज) पीटा (झ) पी (ञ) समझ।

Scanned with CamScanner

प्रश्न 3. पाँच अकर्मक क्रियाएँ लिखकर प्रत्येक से एक-एक वाक्य बनाइए।

उत्तर—उठना, जाना, सोना, हँसना, जागना।

(क) उठना—एलार्म बजते ही सब उठ गए।
(ख) जाना—वे बाजार जा रहे हैं।
(ग) सोना—रात होने पर पक्षी सो जाते हैं।
(घ) हँसना—यकायक वह हँस पड़ा।
(ङ) जागना—सवेरा होने पर सब जाग गए।

प्रश्न 4. पाँच सकर्मक क्रियाएँ लिखकर प्रत्येक से एक-एक वाक्य बनाइए।

उत्तर—देना, पढ़ना, पढ़ाना, माँगना, पीटना।

(क) देना—राम ने अपने मित्र को अपनी घड़ी दी।
(ख) पढ़ना—लड़की अपनी पुस्तक पढ़ रही है।
(ग) पढ़ाना—शिक्षक छात्रों को समाजशास्त्र पढ़ा रहे हैं।
(घ) माँगना—भिखारी भीख माँग रहा है।
(ङ) पीटना—उसने बच्चे को निर्दयता से पीटा।

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों की रंगीन (प्रेरणार्थक, समापिका, असमापिका, संयुक्त) क्रिया को पहचानकर उनके नाम लिखिए—

(क) शिक्षक ने छात्रों से निबन्ध लिखवाया।
(ख) वह शाम आठ बजे तक खाना खा लिया करता है।
(ग) रिक्शा सड़क पर दौड़ रहा है।
(घ) वह खड़े-खड़े ही सो जाता है।
(ङ) तुम अब जा सकते हो।
(च) मालिक नौकर से काम करवाता है।
(छ) वह अपना काम कर चुका है।
(ज) जमींदार ने हलवाहों से खेत जुतवाया।
(झ) वह मेरे घर आएगी।

उत्तर—(क) प्रेरणार्थक क्रिया (ख) संयुक्त क्रिया (ग) समापिका क्रिया (घ) असमापिका क्रिया (ङ) सहायक क्रिया। (च) प्रेरणार्थक क्रिया (छ) संयुक्त क्रिया (ज) प्रेरणार्थक क्रिया (झ) असमापिका क्रिया।

प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं के बारे में बताइए कि वे अकर्मक हैं अथवा सकर्मक—

(क) वह खाना खाएगा।
(ख) क्या तुम पुस्तक पढ़ोगे?
(ग) बच्चा खेल रहा था।
(घ) रात को वह आराम से सोया।
(ङ) सीता नहाती है।
(च) उसका दोस्त चला गया।
(छ) वह अखबार पढ़ रहा है।
(ज) रानी दूध दुह रही थी।
(झ) हनुमान ने समुद्र पार कर लिया।
(ञ) बच्चा पानी में डूब गया।
(ट) उसने मुझको गाली दी।
(ठ) वह दिनभर हँसती रहती है।

उत्तर—(क) सकर्मक (ख) सकर्मक (ग) अकर्मक (घ) अकर्मक (ङ) अकर्मक (च) अकर्मक (छ) सकर्मक (ज) सकर्मक (झ) अकर्मक (ञ) अकर्मक (ट) सकर्मक (ठ) अकर्मक।

प्रश्न 7. मुख्य तथा सहायक क्रिया छाँटकर लिखिए।

(क) छात्र हिन्दी पढ़ रहे हैं।
(ख) तुलसीदास ने रामायण लिखी थी।
(ग) मैं उसे मूर्ख समझता हूँ।
(घ) हलवाई ने मिठाई बना ली है।
(ङ) वह खाना खा चुका।
(च) उसने मुझे ठुकराया था।
(छ) क्या तुम चाय लोगे?
(ज) वह क्या करता है?
(झ) मैंने फल तोड़े थे।

उत्तर—

मुख्य क्रिया	सहायक क्रिया	मुख्य क्रिया	सहायक क्रिया
(क) पढ़	हैं।	(च) ठुकराया	था।

Scanned with CamScanner

(ख) लिखी	थी।	(छ) लो	गे।
(ग) समझता	हूँ।	(ज) करता	है।
(घ) बना	है।	(झ) तोड़े	थे।
(ङ) खा	चुका।		

प्रश्न 8. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के बारे में बताइए कि वे अकर्मक हैं अथवा सकर्मक–

1. वे रात भर जागे हैं। 2. रोगी गाय का दूध पीता है। 3. वृक्षारोपण के लिए गड्ढे खुदवाए गए। 4. मैं आज सो नहीं पाया। 5. उसने केले खरीदे। 6. माँ धाय के द्वारा बच्चे को नहलवाती है। 7. इन दिनों खूब वर्षा हो रही है। 8. खिलाड़ी पुरस्कार पाता है। 9. नौकर से घर की सफाई करवाओ। 10. उसने उसको सान्त्वना दी थी।

प्रश्न 9. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के बारे में बताइए कि वे अकर्मक हैं अथवा सकर्मक–

1. वह तेज दौड़ता है। 2. ड्राइवर बस चला रहा है। 3. वे किसान से खेत जुतवाते हैं। 4. रंजना सुबह को टहलती है। 5. विद्यार्थी समाचारपत्र पढ़ता है। 6. भूखे को खाना खिलाना चाहिए। 7. राजू हमेशा हँसता ही रहता है। 8. उसने केले खरीदे। 9. मैंने सन्देश भिजवाया है। 10. रजनी को मोहन ने पिटवाया।

प्रश्न 10. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के बारे में बताइए कि वे अकर्मक हैं अथवा सकर्मक–

1. सौरभ ने पुस्तक खरीदी। 2. वह हँसेगा। 3. नरेश दौड़ता है। 4. दिनेश और मोहन गाँव को गए हैं। 5. उसने कमीज सिलवाई। 6. बच्चा सोता है। 7. वे सभी काम के लिए भोपाल गए हैं। 8. उसने खाना खिलवाया।

Scanned with CamScanner